Since 1942 83 जागरण

PETROL (1Lt.) 95.20 रुपये

DIESEL (1Lt.) 88.33 रुपये

# जागरण ललितपुर

GOLD 5

18 Ct. 114609/-

SILVER R

इबादत के साथ इन्सानियत की मिसाल

# बाबा सदनशाह के उर्स में 19 जायरीन ने लिया 'अंगदान' का संकल्प

ललितपुर ब्यूरो



ललितपुर : शिविर का अवलोकन करते डीएम एवं एसपी।

सूफी सन्त हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर जब अकीदतमन्दों की भीड़ उमड़ी तो, वहाँ केवल दुआओं का दौर ही नहीं चला, बल्कि इंसानियत की एक ऐसी इबारत लिखी गई जो मरने के बाद भी जिन्दा रहेगी। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस धार्मिक आयोजन को परमार्थ के उत्सव में बदल दिया। जहाँ उर्स की रूहानी खुशबू चारों ओर फैली थी, वहीं 19 श्रद्धालुओं ने अपनी मृत्यु के पश्चात अंगदान करने का संकल्प लेकर दुनिया को यह सन्देश दिया कि 'जिन्दगी के साथ भी, और जिन्दगी के बाद भी' सेवा का सिलसिला थमता नहीं है।

31 मार्च से 4 अप्रैल तक चले इस पाँच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में मजहब की दीवारें टूट गईं। ट्रस्ट के संस्थापक खुशालचन्द्र साहू की पहल पर लगे इस शिविर में आने वाले हर शख्स को यह समझाया गया कि एक देहदान न केवल कई लोगों को नया जीवन दे सकता है, बल्कि चिकित्सा जगत के शोध के लिए भी वरदान है। 19 लोगों ने ट्रस्ट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराकर अपनी रूहानी मोहब्बत का सबूत पेश किया। शिविर का आगाज एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक किया। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने भी शिविर का अवलोकन किया, उन्होंने ट्रस्ट के कार्यों की मुक्तकण्ठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।

## मार्मिक सवाल : नेक काम में मेडिकल प्रशासन की बेरुखी क्यों?

एक ओर जहाँ जनमानस अंगदान जैसे पुनीत कार्य के लिए आगे आ रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलिज प्रशासन की उदासीनता ने समाजसेवियों के मन को ठेस पहुँचाई है। यह शिविर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) लखनऊ के निर्देशन में आयोजित था, फिर भी पाँच दिनों तक मेडिकल प्रशासन का कोई प्रतिनिधि वहाँ नहीं पहुँचा।

## उम्मीद की किरण : अंग प्रत्यारोपण यूनिट की सुगबुगाहट

भले ही स्थानीय स्तर पर सहयोग की कमी खली हो, लेकिन प्रदेश स्तर पर पहल तेज है। सॉट्टो के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश हर्षवर्धन और ट्रस्ट संस्थापक के बीच हुई वार्ता के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलिज में अंग निष्कासन / ट्रांसपोर्टेशन यूनिट् की स्थापना की उम्मीद जगी है। इसके लिए संसाधनों का ब्योरा (फार्म -.13) पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र सौंपा गया है।

## इन सेवादारों ने दी आहुति

इस मिशन को सफल बनाने में ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, महामन्त्री राजपाल फौजी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, धनंजय यादव, अनिल साहू सहित मीडिया संयोजक अमित लखेरा और पूरी टीम ने दिन-रात एक कर दिया।

# उर्स बना परमार्थ का मंच, 19 श्रद्धालुओं ने लिया अंगदान का संकल्प

## मेडिकल प्रशासन की उदासीनता पर उठे सवाल

**जनहित दर्शन | ललितपुर**

सूफी संत हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर आयोजित अजीमुस्शान उर्स के दौरान शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मानव सेवा का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए मेले को परमार्थ के मंच में बदल दिया। 31 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक चले पांच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में ट्रस्ट ने देहदान, अंगदान और रक्तदान का संदेश हजारों श्रद्धालुओं तक पहुंचाया। शिविर के दौरान 19 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान का संकल्प लिया, जो इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि रही।

**अधिकारियों ने किया उद्घाटन, सराहा प्रयास**

जन-जागरूकता शिविर का उद्घाटन एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक ने फीता काटकर किया। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक व उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शिविर का दौरा कर ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**परमार्थ का संदेश बना आकर्षण का केन्द्र**

ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू की पहल पर आयोजित इस शिविर ने जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी का संदेश दिया। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुषमा साध के अनुसार एक देहदान अंगदान न सिर्फ कई जिंदगियां बचा सकता है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा देता है। पिछले वर्ष ट्रस्ट द्वारा दो सफल देहदान कराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा हेतु लाभ पहुंचाया गया था।

**समापन में**

यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और मानव सेवा का संदेश भी दे गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।





### अंग प्रत्यारोपण यूनिट के लिए पहल तेज

राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) के संयुक्त निदेशक डा.राजेश हर्षवर्धन से ट्रस्ट संस्थापक की मुलाकात के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलेज में अंग निष्कासन/ट्रांसपोर्टेशन यूनिट स्थापित करने की दिशा में पहल तेज हुई है। इसके लिए फार्म-13 (मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों का ब्योरा) की औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भी सौंपा गया है।

### मेडिकल प्रशासन की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

हालांकि यह शिविर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, लखनऊ के निर्देशन और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के तत्वावधान में आयोजित था, लेकिन पांच दिनों तक मेडिकल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए कि ऐसे महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम को अपेक्षित सहयोग क्यों नहीं मिला। चूंकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन का ऐसा रवैया दूसरी बार सामने आया जब अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम को दरकिनार किया, इससे पहले 28 दिसम्बर 25 को बांसी में आयोजित शतक संकल्प उत्सव एवं देहदान अंगदान कार्यशाला को भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने नजरंदाज किया था जिस पर समाजसेवियों ने तीखी टिप्पणी की थी।

### इनका रहा विशेष योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, महामंत्री राजपाल फौजी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, ट्रस्टी धनंजय यादव (जिला पंचायत सदस्य), उपाध्यक्ष अनिल साहू, महेश कुशवाहा, परवेज पठान, मंत्री रामस्वरूप पटेल, संरक्षक हरीश कपूर 'टीटू, वंदना प्रमोद मेहता, आदर्श साध, आशीष साहू, बालकृष्ण पाल, चंद्रप्रभा वर्मा, लाखन सिंह पटेल, पहाड़ सिंह गदयाना, कीरत सिंह बाबा, रंजीत सिंह यादव, सब्बीर मंसूरी, मलखान सिंह, विशाल सिंह, मीडिया संयोजक अमित लखेरा व प्रभारी देवेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# 19 श्रद्धालुओं ने लिया अंगदान का संकल्प

## मेडिकल प्रशासन की उदासीनता पर उठे सवाल







ललितपुर(विश्व परिवार)। सूफी संत हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर आयोजित अजीमुस्शान उर्स के दौरान शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मानव सेवा का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए मेले को परमार्थ के मंच में बदल दिया। 31 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक चले पांच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में ट्रस्ट ने देहदान, अंगदान और रक्तदान का संदेश हजारों श्रद्धालुओं तक पहुंचाया।

शिविर के दौरान 19 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान का संकल्प लिया, जो इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि रही।

**अधिकारियों ने किया उद्घाटन, सराहा प्रयास**

जन-जागरूकता शिविर का उद्घाटन एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक तारिक हुसैन ने फीता काटकर किया।

जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक व उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शिविर का दौरा कर ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**परमार्थ का संदेश बना आकर्षण का केंद्र**

ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू की पहल पर आयोजित इस शिविर ने जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी का संदेश दिया। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुषमा साध के अनुसार एक देहदान अंगदान न सिर्फ कई जिंदगियां बचा सकता है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा देता है।

पिछले वर्ष ट्रस्ट द्वारा दो सफल देहदान कराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा हेतु लाभ पहुंचाया गया था।

**मेडिकल प्रशासन की अनुपस्थिति पर उठे सवाल**

हालांकि यह शिविर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, लखनऊ के निर्देशन और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के तत्वावधान में आयोजित था, लेकिन पांच दिनों तक मेडिकल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही।

समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए कि ऐसे महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम को अपेक्षित सहयोग क्यों नहीं मिला। चूंकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन का ऐसा रवैया दूसरी बार सामने आया जब अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम को दरकिनार किया, इससे पहले 28 दिसम्बर 25 को बांसी में आयोजित शतक संकल्प उत्सव एवं देहदान अंगदान कार्यशाला को भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने नजरंदाज किया था जिस पर समाजसेवियों ने तीखी टिप्पणी की थी।

**अंग प्रत्यारोपण यूनिट के लिए पहल तेज**

राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश हर्षवर्धन से ट्रस्ट संस्थापक की मुलाकात के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलेज में अंग निष्कासन/ट्रांसपोर्टेशन यूनिट स्थापित करने की दिशा में पहल तेज हुई है। इसके लिए फार्म-13 (मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों का ब्योरा) की औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भी सौंपा गया है।

**इनका रहा विशेष योगदान**

इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, महामंत्री राजपाल फौजी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, ट्रस्टी धनंजय यादव (जिला पंचायत सदस्य), उपाध्यक्ष अनिल साहू, महेश कुशवाहा, परवेज पठान, मंत्री रामस्वरूप पटेल, संरक्षक हरीश कपूर 'टीटू', वंदना प्रमोद मेहता, आदर्श साध, आशीष साहू, बालकृष्ण पाल, चंद्रप्रभा वर्मा, लाखन सिंह पटेल, पहाड़ सिंह गदयाना, कीरत सिंह बाबा, रंजीत सिंह यादव, सब्बीर मंसूरी, मलखान सिंह, विशाल सिंह, मीडिया संयोजक अमित लखेरा व प्रभारी देवेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

**समापन में**

यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और मानव सेवा का संदेश भी दे गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।


स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
एवं
SOTTO राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
श्रीमति वंदना प्रमोद मेहता (काउन्सलर)
रिटा.जे.ई. बालकृष्ण पाल (संकल्पित देहदानी)
ललितपुर, उत्तर प्रदेश, भारत
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर,
की अनूठी पहल।
सात फेरे नही, बल्कि माताओं की परिक्रमा
और सम्विधान की शपथ लेकर हुआ विवाह।
द्वितीय देहदान महो
SOTTO U.P.
DONATE ORGANS SAVE LIVES
reness Campaign fo
& Organ Pl





जागरूकता शिविर
के बाद भी,जीवन का विकल्प, आप भी लें अंगदान का संकल्प।।
AMBULANCE
धिसत्व शान्ति साहू
राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
एस.एन.मेडीकल कॉलेज,आगरा
संतोष साहू खजुरिया (अध्यक्ष-साहू समाज)
SOTTO
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर


स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,ललितपुर
एवं
SOTTO राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
द्वारा
जन जागरूकता शिविर
जिंदगी के बाद भी,जीवन का विकल्प, आप भी लें अंगदान का संकल्प।।
नेत्रदान
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
SOTTO राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ललितपुर, की अनूठी पहल।
सात फेरे नहीं, बल्कि माताओं की परिक्रमा और सम्विधान की शपथ लेकर हुआ विवाह!
डॉ.के.एस.सिंह यादव (काउन्सलर)
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
SOTTO राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
प्रथम पुण्यतिथि एवं ट्रस्ट का स्थापना दिवस
संकल्पित देहदानी)
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
SOTTO राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
द्वितीय देहदान महोत्सव
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
सतक संकल्प उत्सव एवं
देहदान अंगदान जन जागृति कार्यशाला
मति वंदना प्रमोद मेहता (काउन्सलर)
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर
सनत कुमार बजाजा (संकल्पित देहदानी)
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
जन जागरूकता शिविर


SOTTO U.P.
Awareness Campaign for
Body & Organ Pledge
सहयोग: शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट-
एक प्रतिज्ञा - कई जीवन बचाओ